**NEWS CLIPPING: 14 & 17.10.2017**

**DAINIK BHASKAR**

# सामाजिक समरसता के लिए युवा पीढ़ी को निभानी होगी अहम भूमिका : कुमार

**भास्कर न्यूज|फरीदाबाद**



**फरीदाबाद.** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित 'समर्थ युवा समरस भारत' विषय पर एक विचार गोष्ठी का शुभारंभ करते अतिथि।

वाईएमसीए विश्वविद्यालय के विवेकानंद मंच द्वारा सामाजिक समरसता मंच के संयुक्त तत्वावधान में 'समर्थ युवा समरस भारत' विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व प्रशासनिक अधिकारी रामधन लाल मीणा व महेंद्र कुमार मुख्य वक्ता थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। विद्यार्थियों को जातिभेद से मुक्त समरस समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करते हुए मुख्य वक्ता व सामाजिक समरसता मंच के संयोजक महेंद्र कुमार ने कहा कि जातीय भेदभाव समाज में विद्यमान सबसे जटिल समस्याओं में से एक है। इस समस्या के समाधान के लिए युवा पीढ़ी को आगे आना होगा। विद्यार्थियों को समाज में अपनी रचनात्मक भूमिका सुनिश्चित करनी होगी। तभी सामाजिक समरसता के उद्देश्यों को पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि समाज में ऐसे लोगों की पीड़ा को समझने की आवश्यकता है, जो वर्षों से उपेक्षित व भेदभाव के शिकार रहे है। समाज में उनको साथ लेकर चलना होगा। रामधन लाल मीणा ने भी सामाजिक समरसता पर अपने विचार रखे। विद्यार्थियों को देशहित के लिए कार्य करने को कहा। उन्होंने देश की समृद्धि के लिए विद्यार्थियों को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने ऐसा करने से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और स्वरोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों को स्मृति स्वरूप तुलसी का पौधा भेंट किया गया।

**NEWS CLIPPING: 14 & 17.10.2017**

**DAINIK JAGRAN**

**गोष्ठी** वाइएमसीए में 'समर्थ युवा समरस भारत' विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन

# युवा पीढ़ी को निभानी होगी अहम भूमिका

जासं, फरीदाबाद : वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के विवेकानंद मंच और सामाजिक समरसता मंच, फरीदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में 'समर्थ युवा समरस भारत' विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। पूर्व प्रशासनिक अधिकारी रामधन लाल मीणा तथा महेंद्र कुमार मुख्य वक्ता रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस.के. शर्मा भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन निदेशक, विद्यार्थी कल्याण डॉ. प्रदीप डिमरी ने किया। कुलपति प्रो.दिनेश कुमार ने सामाजिक समरसता जैसे अहम विषय पर विद्यार्थी मंच द्वारा विचार-गोष्ठी आयोजित करने की सराहना की। उन्होंने प्रसन्नता जताई कि इंजीनियरिंग और विज्ञान की पढ़ाई पढ़ने के बावजूद विद्यार्थियों में राष्ट्रहित और सामाजिक चिंतन की भावना है जो आज के दौर में युवा पीढ़ी के लिए बेहद आवश्यक है। विद्यार्थियों को जातिभेद से मुक्त समरस समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करते हुए मुख्य वक्ता तथा सामाजिक समरसता मंच, हरियाणा के संयोजक महेंद्र कुमार ने कहा कि जातीय भेदभाव समाज में विद्यमान सबसे जटिल समस्याओं में से एक है और इस समस्या के समाधान के लिए युवा पीढ़ी को आगे आना होगा। विद्यार्थियों को समाज में अपनी रचनात्मक भूमिका सुनिश्चित करनी होगी, तभी सामाजिक समरसता के उद्देश्यों को पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि समाज में ऐसे लोगों की पीड़ा को समझने की आवश्यकता है, जो वर्षों से उपेक्षित तथा भेदभाव के शिकार रहे है और समाज में उनको साथ लेकर चलना होगा। रामधन लाल मीणा ने भी सामाजिक समरसता पर अपने विचार रखे और विद्यार्थियों को देशहित के लिए कार्य करने को कहा। उन्होंने देश की समृद्धि के लिए विद्यार्थियों को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने ऐसा करने से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और स्वरोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों को स्मृति स्वरूप तुलसी का पौधा भेंट किया गया। कार्यक्रम को सामाजिक समरसता मंच, फरीदाबाद के अन्य पदाधिकारियों तथा विवेकानंद मंच के सदस्यों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सह संयोजक मंजूल पालीवाल, विभाग कार्यवाह राकेश त्यागी, जिला संयोजक अरूण त्यागी, कर्नल समर सिंह तथा ओपी धामा भी उपस्थित थे।



वाइएमसीए में विवेकानंद मंच के तत्वावधान में आयोजित विचार गोष्ठी का दीप प्र ?ज्वलित करते अतिथि • जागरण

**NEWS CLIPPING: 14 & 17.10.2017**

**PUNJAB KESARI**

# सामाजिक समरसता के लिए युवा पीढ़ी को निभानी होगी अहम भूमिका

**फरीदाबाद ,(ब्यूरो ):** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के विवेकानंद मंच द्वारा सामाजिक समरसता मंच, फरीदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में समर्थ युवा समरस भारत विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गयाए जिसमें पूर्व प्रशासनिक अधिकारी रामधन लाल मीणा तथा महेन्द्र कुमार मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने की। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया और स्वामी विवेकानंद व डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्रों पर पुष्प माला अर्पित की। इस अवसर पर कुलसचिव डॉण् एसण्केण् शर्मा भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन निदेशकए विद्यार्थी कल्याण डॉ प्रदीप डिमरी ने किया। कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने सामाजिक समरसता जैसे अहम विषय पर विद्यार्थी मंच द्वारा विचार.गोष्ठी आयोजित करने की सराहना की। उन्होंने प्रसन्नता जताई कि इंजीनियरिंग और विज्ञान की पढ़ाई पढ़ने के बावजूद विद्यार्थियों में राष्ट्रहित और सामाजिक चिंतन की भावना है जो आज के दौर में युवा पीढ़ी के लिए बेहद आवश्यक है। विद्यार्थियों को जातिभेद से मुक्त समरस समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करते हुए मुख्य वक्ता तथा सामाजिक समरसता मंचए हरियाणा के संयोजक महेन्द्र कुमार ने कहा कि जातीय भेदभाव समाज में विद्यमान सबसे जटिल समस्याओं में से एक है और इस समस्या के समाधान के लिए युवा पीढ़ी को आगे आना होगा। विद्यार्थियों को समाज में अपनी रचनात्मक भूमिका सुनिश्चित करनी होगीए तभी सामाजिक समरसता के उद्देश्यों को पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि समाज में ऐसे लोगों की पीड़ा को समझने की आवश्यकता हैए जो वर्षों से उपेक्षित तथा भेदभाव के शिकार रहे है और समाज में उनको साथ लेकर चलना होगा।श्री रामधन लाल मीणा ने भी सामाजिक समरसता पर अपने विचार रखे और विद्यार्थियों को देशहित के लिए कार्य करने को कहा। उन्होंने देश की समृद्धि के लिए विद्यार्थियों को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने ऐसा करने से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और स्वरोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों को स्मृति स्वरूप तुलसी का पौधा भेंट किया गया। कार्यक्रम को सामाजिक समरसता मंचए फरीदाबाद के अन्य पदाधिकारियों तथा विवेकानंद मंच के सदस्यों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सह संयोजक मंजूल पालीवालए विभाग कार्यवाह राकेश त्यागी, जिला संयोजक अरूण त्यागी, कर्नल समर सिंह तथा ओपी धामा भी उपस्थित थे।



दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि।

## ● समर्थ युवा समरस भारत, विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित

**NEWS CLIPPING: 14 & 17.10.2017**

**NAVBHARAT TIMES**

# 26 को फरीदाबाद आएंगे सीएम

**स, फरीदाबाद :** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 25 व 26 अक्टूबर को साइंस कॉनक्लेव का आयोजन होगा। ऐसे में 26 को प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल यूनिवर्सिटी आएंगे। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने कॉनक्लेव की थीम प्रमोशन ऑफ साइंस एंड टेक्नॉलजी इन हरियाणा रखा है। यूनिवर्सिटी के वीसी प्रफेसर दिनेश कुमार ने बताया कि कॉनक्लेव को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

**NEWS CLIPPING: 14 & 17.10.2017**

**HINDUSTAN**

# साफ-सफाई, रोशनी और फूलों के साथ मनाएंगे दिवाली



## ग्रीन दिवाली

पटाखों का शोर नहीं, अपनों का शोरगुल होगा, जरूरतमंदों के संग त्योहार कुछ खास मनेगा, कूड़े का अंबार नहीं, घरों में प्रकाश और फूलों की रौनक दिखेगी, स्वच्छता को लेकर हर घर में अलख जगेगी, इस बार शहर की दिवाली इस अंदाज में मनेगी...। शिक्षण संस्थानों ने दिवाली पर यही संकल्प लिया है। स्कूल-कॉलेजों और की ओर से भी जागरूकता अभियान छेड़ा गया है। एक खास रिपोर्टः

## शहर के साथ मन भी स्वच्छ करने का संकल्पः वाईएमसीए

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में छात्रों ने शहर के साफ मन को भी स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया है। इसके तहत एक तरफ जहां युवा पटाखों को ना कहकर दूसरों को भी प्रेरित करेंगे। वहीं जरूरतमंदों की मदद भी करेंगे। कुलपति ने बताया कि युवाओं को प्रदूषण रहित दीयों की दिवाली मनाने की अपील की गई है। वहीं ज्वॉय ऑफ गिविंग योजना के तहत पॉकिटमनी से पटाखों के बजाय खिलौने, कपड़े, मिठाई खरीदकर जरूरतमंदों को देंगे।

## सभी को शपथ दिलाई गई

दयालबाग स्थित सेंट कोलंबस स्कूल के अध्यक्ष ऋषि चौधरी की अध्यक्षता में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों से सुरक्षित दिवाली मनाने की अपील की गई। साथ ही अभिभावकों को भी ये दिवाली फूलों और दीयों के साथ मनाने की शपथ दिलाई गई है। इसके अलावा छात्र दिवाली पर घरों के अलावा बड़ों के साथ मिलकर बाहर भी सफाई करेंगे और दूसरों को भी प्रेरित करेंगे।

## स्वच्छता दूत बनेंगी छात्राएंः दयानंद कॉलेज

एनएच-3 स्थित केएल मेहता दयानंद कॉलेज की ओर से विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत दिवाली के अगले दिन छात्राएं स्वयं सड़कों पर उतरकर सफाई करेंगी। प्राचार्या डॉ. वंदना मोहला ने बताया कि छात्राओं और शिक्षकों ने दिवाली पर पटाखों को ना कहने और स्वच्छता में सहयोग देने का संकल्प लिया है। दिवाली से पहले लोगों को पटाखे ना जलाने को जागरूक करने को अभियान जारी है।

## यहां भी की गई अपील

मानव रचना शिक्षण संस्थान के कुलपति एनसी वाधवा की ओर से ये दिवाली हरित दिवाली मनाने की अपील की गई है। मुहिम के तहत छात्र दिवाली पर पौधे लगाकर इनके संरक्षण का संकल्प लेंगे। साथ ही इस मुहिम से दिवाली पर होने वाले प्रदूषण का स्तर कम करने की कोशिश होगी। इसके अलावा छात्रों ने पटाखों से दूर रहने की शपथ ली है।

## पटाखे और पराली न जलाने की अपीलः सराय ख्वाजा

सराय ख्वाजा स्थित राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की ओर से सोमवार को हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ मिलकर जागरूकता रैली निकाली गई। इसके जरिए छात्रों ने पटाखें, फसल अवशेष और पराली न जलाने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड फरीदाबाद के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. पीकेएमके दास और प्रिंसिपल नीलम कौशिक ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। अंग्रेजी प्रवक्ता रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने बताया कि दिवाली पर प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है। इसे देखते हुए जागरूकता अभियान चलाया है।